(c) The net benefit of the extension of MODVAT scheme works out to about Rs. 1.70 per kg. on PFY and Rs. 4.50 per kg. on PSF, after taking into account the increase in special excise duty in the 1991-92 Budget.

(d) The Government propose to hold meetings with the representatives of trade and industry regarding the prices.

मध्य प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या

288. **श्रीमती रत्न कुमारी :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में इस समय कितने केन्द्रीय विद्यालय काम कर रहे हैं और वे कहां-कहां स्थित हैं ;

(ख) क्या वर्ष 1991-92 के दौरान मध्य प्रदेश में और अधिक संख्या में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए सरकार किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) वर्तमान समय में मध्य प्रदेश में 70 केन्द्रीय विद्यालय कार्यरत है जैसा कि संलग्न अनुपत्र से स्पष्ट है। [देखिए परिशिष्ट 160 अनुपत्र सं० 15]

(ख) और (ग) केन्द्रीय विद्यालयों का खोला जाना आवश्यक अवस्थापना अर्थात भूमि, अस्थायी आवास और कर्मचारियों के लिए 50% रिहायशी स्थान और संसाधनों की उपलब्धता तथा प्रशासकीय विचारों पर निर्भर करता है। मध्य प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए 15 प्रस्ताव प्राप्त हुए है जिनका ब्यौरा संलग्न अनुपत्र में दिया गया है। [देखिये परिशिष्ट 160 अनुपत्र सं० 16]

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन

289 **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) उन योजनाओं का ब्यौरा क्या है जिन्हें राष्ट्रीय साक्षरता मिशन को सफल बनाने हेतु क्रियान्वित किया जा रहा है तथा पिछले दो वर्षों के दौरान इन योजनाओं पर मद-वार कितनी धन-राशि व्यय की गई है ; और

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान इस सम्बन्ध में कितने अधिकारियों ने विदेशों का भ्रमण किया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुनसिंह) : (क) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अन्तर्गत वर्ष 1989-90 और 1990-91 के दौरान हुए योजनावार-व्यय को दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है।

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार के 16 और राज्य सरकारों के 2 अधिकारी प्रौढ़ शिक्षा से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए विदेश गए।

विवरण

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अंतर्गत गत दो वर्षों के दौरान हुआ योजनावार व्यय

(रुपए लाख में)

क्रम सं०	योजना का नाम	व्यय	
		1989-90	1990-91
1.	ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता परियोजनाएं	3885.65	2885.46
2.	उत्तरसाक्षरता व सतत शिक्षा . .	1163.04	820.00